प्रभात खबर
Date - 18/3/15

खुले में शौच की प्रथा खत्म करने को जागरूकता जरूरी

■ जागरूकता वाहन को जिप अध्यक्ष व डीडीसी ने किया रवाना

प्रतिनिधि, डुमरा.

पीएचइडी के तत्वावधान में राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल व स्वच्छता जागरूकता के तहत मंगलवार को जिप अध्यक्ष इंद्राणी देवी व डीडीसी राम शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाँ समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को रवाना किया. मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल मिले व खुले में शौच की प्रथा समाप्त करने के लिए इस अभियान से जन प्रतिनिधियों को भी जोड़ने की आवश्यकता है. डीडीसी श्री सिंह ने कहा कि साफ-सफाई की आदत आवश्यक है.

हरी झंडी दिखाते जिप अध्यक्ष, डीडीसी व अन्य. ■ फोटो । प्रभात खबर

22 तक चलेगा अभियान

यह जागरूकता अभियान 22 मार्च तक चलेगा. प्रत्येक प्रखंड में कार्यशाला का आयोजन कर स्वच्छता की बाबत जानकारी दी जायेगी. साथ ही दो-दो उत्प्रेरक घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे. विभाग के स्तर से समुदाय स्तर पर पेयजल स्त्रोत की जांच की जायेगी. आर्सेनिक व फ्लोराईड प्रभावित क्षेत्रों के चापाकलों को लाल निशान लगा चिह्नित किया जायेगा.

कैसे मिलेगा लाभ

व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण के बाद लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि के लिए मुखिया या प्रखंड समन्वयक के यहां आवेदन देना है. आवेदन की जांच के बाद लाभार्थी के खाते में 12 हजार प्रोत्साहन राशि भेजी जाती है. मौके पर एसडीसी अविनाश कुमार, डीसी प्रदीप कुमार, अभियंता अमर लाल रजक, अरुण कुमार, भरत सिंह, विकास कुमार व जहांगीर सहित अन्य उपस्थित थे.

जिला जल एवं स्वच्छता समिति
सीतामढ़ी

हिन्दुस्तान
Date — 18.3.15

सीतामढ़ी आसपास

आज का दिन 2009 में केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने मेघालय में राष्

16 से 22 मार्च तक चलेगा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम, रथ को किया गया रवाना

पेयजल व स्वच्छता अभियान शुरू

सीतामढ़ी | निज संवाददाता

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग पटना के निदेश पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सीतामढ़ी द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

मौके पर उपस्थित डीडीसी रामाशंकर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष इन्द्रानी देवी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता एसपी यादव, वरीय उप समाहर्त्ता अविनाश कुमार, जिला कॉडिनेटर प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता अमर कुमार रजक, अरूण कुमार, कनीय अभियंता भरत सिंह व विकास कुमार आदि अधिकारी ने झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। मौके पर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता एसपी यादव ने बताया कि 16 से 22 मार्च तक चलने वाले इस जागरूकता सप्ताह अन्तर्गत स्वच्छता दूत द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान शुद्ध पेयजल का उपयोग, खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करने एवं साफ-सफाई के आदतों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जायेगा। साथ ही दूषित चापाकलों, मलिन बस्तियों, गलियों, बाजार, हाट पर साफ-सफाई के साथ स्वच्छता बनाये रखने के लिए भी प्रेरित किया जायेगा। बताया गया कि इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में पेयजल एवं स्वच्छता विषय पर वाद-विवाद, पेंटिंग व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इस दौरान डीडीसी रामाशंकर सिंह ने कहा कि 80 प्रतिशत बीमारियां दूषित जल पीने के कारण होती है, ऐसे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। वहीं जिप अध्यक्ष इन्द्रानी देवी ने कहा कि गांव व पंचायत स्वस्थ होगा, तो देश स्वस्थ होगा। उन्होंने सफाई के साथ रहने की सलाह दी। मौके पर मिन्टू कुमार, अरूण यादव सहित कई प्रखंड कॉडिनेटर, स्वच्छता दूत आदि उपस्थित थे।

जागरूकता रथ को रवाना करते डीडीसी रामाशंकर सिंह व अन्य।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति
सीतामढ़ी